ओरिएंट का नया ब्रांड 'पहचान' का अनावरण

नई दिल्ली। ओरिएंट इलेक्ट्रिकल्स ने हाल ही में अपनी नई ब्रांड 'पहचान' ओरिएंट इलेक्ट्रिक का अनावरण किया है। देश में पंखों का सबसे बड़ा निर्माता ओरिएंट भारतीय पंखा उद्योग में एक महत्वपूर्ण स्थान के साथ-साथ स्मार्ट होम साल्यूशंस प्रदान करने के लिए अगली पीढ़ी के इंटीग्रेटेड होम साल्यूशंस प्रोवाइडर बनने की दिशा में बढ़ रहा है। इस अवसर पर सीके बिरला समूह के चेयरमैन ने कहा कि ओरिएंट इलेक्ट्रिक एक उत्पाद कंपनी से एक लाइफ स्टाइल होम साल्यूशंस प्रोवाइडर के रूप में विकसित हो गई है। यह संगठन ब्रांड को नई पीढ़ी के यूजर्स की बढ़ती हुई आवश्यकताओं को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ने में समर्थ बनाएगा। इस अवसर पर ओरिएंट इलेक्ट्रिक ने नई कंपनी का लोगो आरेंज रंग में लांच किया है, जो अपनेपन के साथ रचनात्मक प्रवृत्ति को पेश करता है।